हमको कन्हैया लगे क्यों भुलाने लिरिक्स

हमको कन्हैया लगे क्यों भुलाने,
हम भी तो मोहन तेरे दीवाने।bd।

तर्ज – सौ साल पहले।

तुम पर ही हमने श्याम,
सब कुछ कर दिया कुर्बान,
हर पल देखूं तुमको,
यही मेरे दिल का है अरमान,
आओ कन्हैया,
जाने अनजाने,
जाने अनजाने,
हम भी तो मोहन तेरे दीवाने।bd।

हे जादूगर घनश्याम,
हमें मदहोश कर देना,
इस दिल की चादर पे,
नाम अपना ही लिख देना,
अब नहीं करना,
श्याम बहाने,
श्याम बहाने,
हम भी तो मोहन तेरे दीवाने।bd।

दीनों को सताने में,
तुम्हे क्या खुशियां मिलती है,
तब और सताओ श्याम,
ये आदत अच्छी लगती है,
अदाएँ जो देखी 'ओम',
लगे मुस्कुराने,
लगे मुस्कुराने,
हम भी तो मोहन तेरे दीवाने।bd।

हमको कन्हैया लगे क्यों भुलाने,
हम भी तो मोहन तेरे दीवाने।bd।
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com